जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में जे0 पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं द्वारा NCTE के निर्देषानुसार ''लिंग आधारित प्रताड़ना के निवारण हेतु जागरूकता अभियान" का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अर्न्तगत ग्रामीणों को समझाया गया कि हमें बालक–बालिका में भेद नहीं करना चाहिए। बालिका को भी जीने का उतना ही अधिकार है जितना बालक को है। हमारे समाज में जो बालिका भ्रूण हत्याएँ हो रही है इसके खिलाफ भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

इसके पूर्व महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य तथा व्याख्याओं के द्वारा प्रशिक्षुओं को इस संबंध में जागरूक किया गया। इसके बाद संस्था के सचिव श्री शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया।